हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026

11 जिप ने वार्ड-5 को दी करोड़ों की सौगात सांगा...

12 एफआईआर होने के 15 दिन बाद आरोपियों की ...


चरखी दादरी में पहली बार अनुभवी एवं सुशिक्षित ( M.B.B.S. ) चिकित्सक द्वारा
एक कदम मानवता की ओर बढ़ाते हुए नर सेवा नारायण सेवा के भाव से
कलावती हॉस्पिटल
डे-केयर
सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
आमजन मानस की सुविधा हेतु यह स्वस्थ सेवा केन्द्र शुरू किया गया है
शिक्षक एवं शिक्षक परिवार ( सरकारी / गैर सरकारी ) के लिए
एच.डी. परिवार ( स्कूल ) के विद्यार्थी, विद्यार्थी परिवार एवं कर्मचारियों के लिए
FREE O.P.D. Next 100 Days
4 जनवरी से शुभारम्भ
TIMING : SUMMER
Morning : 9:00 AM to 1:00 PM
Evening : 3:00 PM to 7:00 PM
TIMING : WINTER
Morning : 10:00 AM to 1:00 PM
Evening : 3:00 PM to 6:00 PM
DR. ASHMITA PHOGAT
M.B.B.S. (MIAAH), (HN-27538)
GENERAL PHYSICIAN
पता : शंकर कॉलोनी, तिकोना पार्क, चरखी दादरी Contact for more detail : 8003-99-8004 संरक्षक : बलराज फोगाट ढाणी फोगाट

## खबर संक्षेप

### सीनियर स्टेट मुएथाई चैम्पियनशिप आज से

**भिवानी।** बैंक कॉलोनी स्थित दुर्गा स्पोर्ट्स एकेडमी में 3 से 4 जनवरी को 4वीं हरियाणा सीनियर महिला व पुरुष स्टेट मुएथाई चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मुएथाई खेल संघ के आयोजक सचिव विशाल ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के सभी के लगभग 150 महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। चैम्पियनशिप का शुभारंभ प्रदेश संघ के महासचिव सोमबीर वशिष्ठ व उपाध्यक्ष मुकेश तंवर करेंगे।

### श्रीश्याम बाबा का भव्य दरबार आज सजेगा

**भिवानी।** धर्म नगरी भिवानी एक बार फिर खाटू नरेश के जयकारों से गुंजायमान होने के लिए तैयार है। मोरवी नंदन परिवार की ओर से 3 जनवरी शनिवार को द्वितीय श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव का विशाल आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस अवसर पर भजन गायक अपनी सुमधुर वाणी से बाबा श्रीश्याम का गुणगान करेंगे, जिसमें मुख्य रूप से अपर्णा मिश्रा बरेली व अनित मिश्रा बरेली अपनी भजनों की विशेष प्रस्तुति देंगे।

### किसानों को ऋणमुक्त करने का सुनहरा अवसर

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक अतिदेय ऋणी किसानों को ऋण मुक्त करने के उद्देश्य से एकमुश्त ऋण समाधान योजना (ओटीएस) 2025 लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत अतिदेय ऋणी किसान द्वारा पूरा मूलधन जमा करने पर अतिदेय ब्याज में 50 प्रतिशत की माफी व सम्पूर्ण जुर्माना ब्याज की पूर्ण माफी का प्रावधान किया हैं, डीसी डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि जिन अतिदेय ऋणी किसानों की मृत्यु हो चुकी है अथवा जो महिला ऋणी विधवा हो चुकी हैं, उनके मामलों में पूरा मूलधन जमा करने पर अतिदेय ब्याज की 100 प्रतिशत माफी तथा पूरा जुर्माना ब्याज माफ किया जाएगा।

# मकर संक्रांति के साथ एकादशी का भी बना संयोग: पंडित रामकिशन

विष्णुदत्त शास्त्री ▶▶| तोशाम

**सूर्यदेव के साथ भगवान विष्णु की भी बरसेगी कृपा : पं. रामकिशन**

मकर संक्रांति का पर्व तब मनाया जाता है जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। यह जानकारी देते हुए तोशाम के दक्षिणमुखी संकटमोचन मेहंदीपुर बालाजी दरबार के महंत पंडित रामकिशन ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति पर एकादशी तिथि का भी संयोग है, जिससे सूर्यदेव और भगवान विष्णु दोनों की कृपा प्राप्त होगी।

इस दिन तिल, गुड़, गरम कपड़े और खिचड़ी का दान विशेष फलदायी रहता है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व बेहद ही शुभ और धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से बेहद ही खास माना गया है। मकर संक्रांति का पर्व हर साल तब मनाया जाता है जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिन दान, पुण्य, स्नान और पूजा पाठ का विशेषं महत्व है। लेकिन, इस बार मकर संक्रांति की तारीख को लेकर थोड़ा असमंजस बना हुआ है। साथ ही इस बार मकर संक्रांति पर एकादशी तिथि का संयोग भी है। ऐसे में असमंजस है कि मकर संक्रांति इस बार कब मनाई जाएगी।

### 14 जनवरी को मकर संक्रांति



पंडित रामकिशन ने बताया कि अबकी बार 14 जनवरी को मकर संक्रांति है लेकिन अबकी बार सूर्य दोपहर के बाद 3 बजकर 13 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं ऐसे में पुण्य काल का समय दिन में 8 बजकर 42 मिनट से शुरू होगा। अबकी बार मकर संक्रांति के दिन षटतिला एकादशी का भी संयोग बना है जिससे अबकी बार सूर्यदेव के साथ भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त होगी। इस दिन पुण्यकाल दोपहर 03:13 से लेकर शाम को 05:45 बजे तक रहेगा। पंचांग के अनुसार मकर संक्रांति का महापुण्यकाल 14 जनवरी को दोपहर 03:13 से लेकर शाम 04:58 बजे तक रहेगा।

### चावल या खिचड़ी खाना वर्जित

पंडित रामकिशन का कहना था कि मकर संक्रांति पर इस बार एकादशी तिथि का संयोग भी है और एकादशी वाले दिन चावल या खिचड़ी खाना वर्जित है और मकर संक्रांति पर चावल व खिचड़ी का दान उत्तम बताया गया है। ऐसे में इस दिन चावल का सेवन न करके आप चाहे तो दान कर सकते हैं। इसके बाद आप 17 जनवरी शनिवार के दिन खिचड़ी बनाकर खा सकते हैं और खिचड़ी का दान भी कर सकते हैं। पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि पौराणिक कथाओं में भी मकर संक्रांति का उल्लेख मिलता है। महाभारत काल के अनुसार, भीष्म पितामह जब तीर की शय्या पर लेटे थे तो उन्होंने मकर संक्रांति तक अपने प्राण त्यागने का इंतजार किया था। भीष्म पितामह ने मकर संक्रांति के दिन ही अपने प्राण त्यागे थे। मकर संक्रांति (उत्तरायण) को बहुत ही पुण्यदायी माना गया है।

### इन 4 राशियों को बनाएगा मालामाल.,..

■ नए साल 2026 में ग्रहों के राजा सूर्य का पहला राशि परिवर्तन 14 जनवरी को होगा

पंडित के अनुसार अबकी बार 14 जनवरी को ही सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस दिन मेष, सिंह, वृश्चिक और धनु राशि वालों के लिए आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। उनका कहना था कि नए साल 2026 में ग्रहों के राजा सूर्य का पहला राशि परिवर्तन 14 जनवरी को होगा। इस दिन सूर्य, धनु राशि से मकर राशि में जाएगा। मकर राशि का स्वामी शनि है और शास्त्रों में शनि को सूर्य का पुत्र माना जाता है। इसलिए पंडित रामकिशन महाराज का मानना है कि नए साल में जब सूर्य मकर राशि में जाएगा तो इससे चार राशियों के लोगों को खास फायदा होगा।

# बंद पड़े हैं हुडा पार्क के शौचालय रैलिंग और फुटपाथ भी ठीक नहीं

## पुराने पेड़ों को काटकर अवैध रूप से बेचा, नए पेड़ लगाने के नाम पर टेंडर जारी : ग्रेवाल

■ पार्क में सैर करना तो दूर, सांस लेना भी दूभर हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** पार्क की टूटी पड़ी ग्रील और बदहाल पार्क का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

शहर का फेफड़ा कहे जाने वाले सबसे बड़े हुडा पार्क की हालत आज इस कदर बदतर हो चुकी है कि यहां सैर करना तो दूर, सांस लेना भी दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि पार्क आज प्रशासन की उदासीनता और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। यदि समय रहते मुख्यमंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो यह सार्वजनिक संपत्ति पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो जाएगी।

हालात ये बने हैं कि उक्त पार्क अब घुमने के लायक ही नहीं बचा है। हैरानी की बात है कि इस बारे में कई बार जिला प्रशासन को शिकायत की गई,लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

हुडा पार्क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पार्क की तारें और रैलिंग टूट चुकी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था नाममात्र की रह गई है। टूटे हुए फुटपाथ (फुट स्टेप) बुजुर्गों और बच्चों के लिए हर कदम पर हादसे का कारण बन रहे हैं। पार्क के सौंदर्य को बढ़ाने के लिए लगाया गया फव्वारा लंबे समय से खराब है। वर्तमान में यह केवल गंदे पानी के जमाव और मच्छरों के पनपने का केंद्र बनकर रह गया है। पार्क में सबसे अधिक संख्या बुजुर्गों की होती है, लेकिन प्रशासन ने उन्हें राम भरोसे छोड़ दिया है। यहां बैठने के लिए उचित बेंच नहीं हैं, पीने के शुद्ध पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, सफाई कर्मचारी महीनों तक दिखाई नहीं देते, जिससे गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। अनेक जगहों से फुटपाथ टूटी हुई है। अनेक जगहों से रेलिंग गायब है। रैलिंग न होने की वह से पार्क आवारा पशुओं की आरामगाह बन रहा है। आवारा पशुओं की वजह से पार्क अपनी अस्तित्व खोता जा रहा है।

### टेंडर खुला

नप के वार्ड संख्या दो के पार्षद संदीप यादव ने बताया कि पार्क के जीर्णोद्धार के लिए 70 लाख रुपये के कार्यों का टेंडर खुल चुका है। जिसके तहत पार्क कें फव्वारें तथा चार दिवारी का कार्य होगा। हालांकि अभी उक्त कार्यो का पार्क में फैंसी लाइटों का कार्य शुरू करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि शौचालयों के टेंडर लगवाए जा चुके है,लेकिन कार्यकारी अभियंता ने न जाने किस वजह से रिजेक्ट कर दिया।

### मुख्य पार्क में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला के अनुसार हुडा पार्क की दुर्दशा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले 12 वर्षो से यहां के शौचालय बंद पड़े हैं। एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं दूसरी तरफ शहर के मुख्य पार्क में बुनियादी सुविधाओं का अभाव प्रशासन की पोल खोल रहा है। यह जनता की गाढ़ी कमाई का खुला दुरुपयोग है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी कोई नागरिक सरकार की कमियां उजागर करता है तो समस्या सुधारने के बजाय शिकायतकर्ता के खिलाफ ही कार्रवाई शुरू कर दी जाती है।




**भिवानी।** पहाड़ी क्षेत्र में आंदोलन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने जल, जंगल और जमीन बचाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

नववर्ष के स्वागत में सारी दुनिया जश्न मना रही थी, वहीं चरखी दादरी जिले के गांव कारीदास व कारीरूपा के छोटे-छोटे बच्चे और युवा ठंड और कंपकंपी जुड़ने वाली सर्द हवाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण के लिए शीशवाला तिवाला स्थित अरावली की पहाड़ियों पर भूख हड़ताल पर बैठे रहे।

अरावली के आंदोलन के आरंभ से जुड़ाव रखने वाले नौवीं कक्षा के छात्र पर्यावरण कार्यकर्ता यश ने बताया कि हम सबने पर्यावरण संरक्षण के लिए नववर्ष के दिन ही एक दिवसीय भूख हड़ताल करने का फैसला लिया, जिससे हम अपनी बात को देश के प्रधानमंत्री, केन्द्रीय वन व पर्यावरण मंत्री और हरियाणा मुख्यमंत्री तक पहुंच सके।

### जुर्माने व सजा को बढ़ाएं

यश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, वन संरक्षण अधिनियम, जल नियंत्रण अधिनियम तथा जैव विविधता अधिनियम में कुछ बदलाव किए जा सके, जिस तरह से २०१९ में मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन करके जुर्माना और सजा को कई गुना बढ़ा दिया गया है। वहीं डिजिटल चालान व इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों में वृद्धि हुई, जिसके परिणाम स्वरूप लोगों में जागरूकता बढ़ी और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई। उपस्थित छात्रों और युवाओं ने भारत सरकार से अपील की कि जिस तरह से मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव किए गए, उसी तरह वृक्षों, सरोवरों, पशु पक्षियों व वन्य जीवों , पहाड़ों, जंगलों, शुद्ध वायु जैसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए पहले से निर्धारित जुर्माने व सजा को दो गुना से तीन गुना बढ़ा देना चाहिए, ताकि लोगों में भय बने और जंगल बच सकें। इस अवसर पर नितेश, सचिन, दीपक, सन्नी, अविराज दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे।

# सर्वधर्म स्थल धमार्थ न्यास ने जरूरतमंदों में बांटे गर्म वस्त्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सर्व धर्म स्थल धमार्थ न्यास के संस्थापक ठाकुर रणधीर सिंह के नेतृत्व में नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गरीब मजदूरों, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत प्रदान करने कम्बल तथा जर्सी व आवश्यकता की खाद्य सामग्री वितरित की गई।

जरूरतमंद लोगों ने सर्व धर्म स्थल न्यास की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इससे बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। वहीं सस्था के संस्थापक ठाकुर रणधीर सिंह ने कहा कि समाज के हर वर्ग की सेवा करना ही मानवता का सच्चा धर्म है और ऐसे सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों का भी सहयोग देखने को मिला। उन्होंने लोगों से इस तरह के सामाजिक कार्यो के आयोजन में आगे आने का आहवान किया।



**भिवानी।** जरूरतमंदों में गर्म कपड़े वितरित करते हुए।

■ समाज के हर वर्ग की सेवा करना ही मानवता का सच्चा धर्म :रणधीर सिंह

इस सेवा कार्यक्रम के दौरान संदीप तंवर,मुक्कल, बलजीत, रितिक खलीफा,सौरभ सैंडी,मनोज सहित कई गणमान्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लाभपात्रों को सौंपे रिहायशी प्लॉट के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

विकास एवं पंचायत विभाग ने प्रधानमंत्री आवासीय बस्ती योजना के तहत गांव लाडावास में वर्षो से इंतजार कर रहे १६ परिवारों को आवास बनाने के लिए सौ-सौ गज के रिहायशी स्थल आवंटित किए।

गांव लाडावास के गरीब परिवार लंबे समय से रिहायश भूमि के लिए गुहार लगा रहे थे, जिनको ग्राम पंचायत व राजस्व विभाग की टीम ने पैमाईश के बाद आज १६ परिवारों को प्रधान मंत्री आवासीय योजना के तहत आवास बनाने के लिए सौ-सौ गज के रिहायशी स्थल आवंटित किए।



**भिवानी।** गांव लाडावास में गरीब परिवारों को सौ–सौ गज के प्लाटों का स्वामित्व पत्र सौंपते अधिकारी।

सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार ने बताया कि उनके गांव के इन परिवारों का लंबे समय से सपना पूरा होने से खुशी की लहर दौड़ गई है। विभाग के अधिकारियों ने शामलाती भूमि का चयन कर उसकी राजस्व विभाग से पैमाईश करवाई है और लाभपात्र परिवारों को मालिकाना हक सौंप दिया है।

कार्यक्रम में उनके अलावा सरपंच प्रतिनिधि राजेश, रघबीर गिल, सचिव शलेंद्र सिंह, अमित कुमार, जयभगवान, भोली मान, मदन कुमार, सतीश व अंकित मान आदि मौजूद रहे।

**सम्मान** | चैहड़ कलां गांव के मंदिर वाला चौक में कार्यक्रम का आयोजन

# चार गांवों के धोती कुर्ता पहनने वाले बुजुर्ग और ऊंट रखने वाले किसान किए सम्मानित

आयोजक बोले बुजुर्गों का जीवन अनुभवों से भरी किताब


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

हरियाणा के बुजुर्गों की वेशभूषा धोती-कुर्ता का सम्मान करने के लिए बहल क्षेत्र के चार गांवों के धोती-कुर्ता पहनने वाले बुजुर्गों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सैंकड़ों बुजुर्ग शामिल हुए और शान ए शौकत के प्रतीक धोती, कुर्ता और खंडवा (पगड़ी)पहनकर आए। नए साल के अवसर पर चैहड़ कलां गांव के मंदिर वाला चौक में धोती पहनने वालों का मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चैहड़ कलां, चैहड़ खुर्द, ढाणी केहरा व ढाणी हट्टी के धोती पहनने वाले बुजुर्ग शामिल हुए। बुजुर्गों ने धोती, कुर्ता, खंडवा व डोगा लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में सभी बुजुर्गों का परिचय करवाया गया और उनको स्टेज पर बुलाकर सम्मानित किया गया। पहली बार सार्वजनिक मंच पर मिले सम्मान को लेकर बुजुर्ग अभीभूत नजर आए और कहा कि इस कार्यक्रम में आकर लगा है कि उनका भी अपना सम्मान है, वो भी सम्मान के हकदार है। कार्यक्रम के आयोजक छाजूराम चैहड़िया ने कहा कि बेशक आज युवा पीढ़ी की सोच बदल रही है पर हमारे बुजुर्ग हमारे लिए अनुभव की वो किताब है जिसके हर पन्ने पर जीवन की सीख अंकित है।



### ऊंटों को सजाकर सम्मेलन में लेकर आए किसान



कार्यक्रम में जहां बुजुर्ग लोगों का सम्मान किया गया वहीं जिन किसानों के पास ऊंट है उनको भी सम्मानित किया गया। किसान अपने अपने ऊंटों का सजाकर सम्मेलन में लेकर आए और अपनी सहभागिता दर्ज की। वक्ताओं ने कहा कि समय के साथ ऊंटों की जरूरत कम हुई है और लोगों की ऊंटों को रखने में दिलचस्पी बेशक कम हुई है पर एक समय था जब ऊंट ही खेती का एक साधन था।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राजेश आर्य, सरपंच प्रतिनिधि रामकिशन, सोमबीर शर्मा, सतबीर, जिला पार्षद प्रतिनिधि अमित, गौसेवक पिक्कू विकास, सुरेश चैहड़िया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# माईखुर्द का आशु बना लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

■ आशु के पिता व दादा भी सेना में सेवाएं दे चुके और तीसरा इकलौता पौता भी अधिकारी बना

यूपीएससी द्वारा रक्षा क्षेत्र में की गई सैन्य अधिकारियों की भर्ती में गांव माईखुर्द के आशु शर्मा का चयन होने पर परिजनों व ग्रामीणों में खुशी है। आशु के पिता व दादा भी सेना में सेवाएं दे चुके और तीसरे इकलौते पोते को सेना अधिकारी बनने का दादा का सपना भी पूरा हो गया है। एनडीए में चयन होकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

गांव माईखुर्द निवासी आशु शर्मा के पिता सोमबीर शर्मा इंडियन आर्मी में तैनात रहे और सेवानिवृत्ति के बाद मौजूदा समय में रेलवे में तैनात है। वहीं दादा भीम शर्मा भी सेना में हवलदार के पद पर रहकर दो युद्धों में अहम योगदान दे चुके हैं। उनकी माता सुशीला देवी गृहणी हैं। ग्रामीणों ने आशु शर्मा के घर पहुंचकर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। आशु शर्मा के चयन पर नाना ओमप्रकाश भूतपूर्व निरीक्षक ओमप्रकाश नांधा, कुलदीप सिंह नगर परिषद लेखाकार आदि ने खुशी जाहिर की।



भिवानी। आशु शर्मा का मुहं मीठाकर स्वागत करते पिता सोमबीर शर्मा व माता सुशीला देवी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा, राधेश्याम, हरीश शर्मा, रामअवतार, धर्मबीर सिंह आदि ने आशु शर्मा की उपलब्धि पर बधाई दी।



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style

# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।



## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।




# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।



# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

### ग्रामीण क्षेत्र में होगा आधुनिक सुविधाओं का विस्तार : सांगा

# जिप ने वार्ड-5 को दी करोड़ों की सौगात सांगा और मानहेरू में हुए शिलान्यास

**केवल नई परियोजनाओं की नींव ही नहीं रखी गई, बल्कि क्षेत्र की कायाकल्प करने वाली दर्जनों योजनाओं का खाका भी पेश किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

जिला परिषद की चेयरपर्सन अनिता मलिक ने नए साल के अवसर पर अपने वायदे को निभाते हुए वार्ड नंबर 5 के गांवों के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का पिटारा खोल दिया। गांव सांगा और मानहेरू में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ना केवल नई परियोजनाओं की नींव रखी गई, बल्कि क्षेत्र की कायाकल्प करने वाली दर्जनों योजनाओं का खाका भी पेश किया गया।

जिला परिषद चेयरपर्सन अनित मलिक के निर्देशानुसार वार्ड नंबर-5 में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन जिला पार्षद प्रीति दीपक सांगा ने किया। चेयरपर्सन अनिता मलिक के नेतृत्व में वार्ड 5 के विकास के लिए भारी-भरकम बजट आवंटित किया गया है। इस दौरान गांव मानहेरू में पार्क निर्माण के लिए के लिए 25 लाख, सामुदायिक हॉल के लिए 15 लाख, महाराणा प्रताप भवन गेट के लिए 5 लाख और दूधधारी धर्मशाला गेट निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की सौगात दी। वही गांव सांगा में स्टेडियम में हॉल निर्माण के लिए 21 लाख रूपये और कश्मीरी धर्मशाला में शेड निर्माण 5 लाख रुपये की सौगात दी। यही नहीं नौरंगाबाद के लिए धर्मशाला निर्माण के लिए 21 लाख रुपये, बडाला में जोहड़ की सफाई व खुदाई के लिए 21 लाख रुपये तथा उमरावत में निर्धन चौपाल के लिए 8 लाख, कयला में कम्युनिटी हॉल की चारदीवारी के लिए 15 लाख और प्रजापत टंकी के पास चारदीवारी निर्माण करवाने जाने की भी सौगात दी। इस विकास परियोजनाओं में मानहेरू पार्क, मानहेरू में हॉल की, नौरंगाबाद में धर्मशाला की नींव रखी गई। इसके अलावा सांगा कश्मीरी धर्मशाला, मधमाधवी में शहीद स्मारक सहित अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया तथा अन्य विकास परियोजनाओं पर भी जल्द ही विकास कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

वार्ड में केवल नए काम ही नहीं, बल्कि पिछले कुछ समय में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भारी निवेश किया गया था। सड़क निर्माण के तहत सांगा से निनान तक 1.30 करोड़ रुपये, धारेडू से बडाला तक 95 लाख मानहेरू से अजीतपुर फाटक तक 70 लाख और हल्का से मानहेरू सडक़ तक 50 लाख , कोट गांव में स्कूल व ग्राउंड की चारदीवारी के लिए 34 लाख और शहीद स्मारक में हॉल 21 लाख, वार्ड में 367 सोलर लाइटों की व्यवस्था की जा चुकी है।



भिवानी। जिला परिषद के तहत होने वाले कार्यों का शिलान्यास करते हुए।

#### धरातल पर सच साबित हो रही हैं शपथ ग्रहण में कही गई बातें

कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर-16 से जिला पार्षद नरेंद्र चौहान व वार्ड नंबर-5 से जिला पार्षद प्रीति दीपक सांगा ने चेयरपर्सन अनिता मलिक की कार्यशैली की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि अनिता मलिक ने शपथ ग्रहण के समय जो बात कही थी कि मैं व्यवस्था का हिस्सा बनने नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलने आई हूं, वह आज धरातल पर सच साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आज से पहले जिला प्रमुखों के बारे में आम जनता को पता तक नहीं होता था, लेकिन अनिता मलिक के नेतृत्व में आज जिला परिषद के कार्य बड़े-बड़े मंत्रियों के कार्यों को भी मात दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद द्वारा किए जा रहे इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार होगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि जोगिंद्र मलिक, पार्षद प्रतिनिधि सतबीर सांगा, जिला पार्षद प्रीति दीपक सांग, और जिला पार्षद नरेंद्र चौहान मुख्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही वार्ड 5 के 12 गांवों के सरपंच, जितेंद्र मलिक, दिनेश सरपंच उमरावत सहित कई पूर्व सरपंचों और क्षेत्र के मौजिज लोगों ने शिरकत की।


भिवानी। सुंदरकांड पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

### सुंदरकांड से भक्तिमय हुआ अग्रसेन धर्मशाला परिसर

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक: ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

अग्रसेन धर्मशाला में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार सन्नी दलाल, जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी और आयोजकों ने कार्यक्रम में शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा का फूल-मालाओं और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर भी मौजूद रहे। सुंदरकांड पाठ के दौरान मंत्रोच्चारण, चौपाइयों और भजनों से पूरा परिसर श्रीराम एवं भक्तिमय हो गया। शिक्षामंत्री ढांडा ने कहा कि सुंदरकांड पाठ जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आपसी भाईचारे, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में ऐसे आयोजनों का विशेष महत्व है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भागवत ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य गौरव दीक्षित महाराज, महंत चरणदास, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र परमार, रविंद्र गुप्ता, बलराम गुप्ता आदि उपस्थित थे।

#### नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ते धार्मिक आयोजन

धार्मिक आयोजन जो नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं, संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं तथा तनावपूर्ण जीवन में शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। शिक्षामंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत सबसे शक्तिशाली विकसित राष्ट्र बनेगा। इस दौरान शिक्षामंत्री ढांडा ने अपने निजी कोष से भागवत धर्म सेवा परिवार ट्रस्ट को पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ सुंदरकांड पाठ में भाग लिया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत सामूहिक आरती, सर्वकल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

# समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता से हो निदान

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

समाधान शिविर में आने वाले परिवादियों की शिकायत का निदान संजीदगी के साथ किया जाए, किसी भी शिकायत को लंबित न रखें। शिकायत के समाधान की अपडेट रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, ये निर्देश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर की समीक्षात्मक बैठक में दिए। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए दिशा निर्देशों की अनुपालना जिला विभागीय अधिकारियों को प्रभावी रूप से करने का आह्वान किया।

उपायुक्त डॉ. नागपाल ने कहा कि आमजन की संतुष्टि बेहद जरूरी है, ऐसे में समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की शिकायत का समाधान तत्परता से करते हुए लोगों को राहत पहुंचाएं। शिविर में आई शिकायतों को कोई भी विभाग के अधिकारी लंबित न रखते हुए निवारण करवाएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान पूरी जांच कर करवाया जाए और उसके बाद समाधान प्रकोष्ठ पर शिकायत के निवारण का सही विवरण दर्ज करें, जिससे की बार-बार शिकायतें री-ओपन की नौबत न आए।

### तकनीक के माध्यम से अपना भविष्य संवार सकते हैं विद्यार्थी: सतीश

**भिवानी।** गांव ढुल्हेड़ी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुक्रवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया। विद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार सांगवान के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी जयवीर सोलंकी के नेतृत्व में आयोजित शिविर स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक सरोकार का केंद्र बना हुआ है। सभी स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत के साथ शिविर के अनुशासन और सेवाभाव की शपथ ली। इस दौरान छात्रों में राष्ट्रसेवा के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला। चौथे दिन के मुख्य सत्र में पीटीआई सीताराम ढुल्हेड़ी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों को डिजिटल लिट्रेसी के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया।

# स्वयंसेवकों को स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं सामाजिक जागरूकता के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिविल अस्पताल बवानी खेड़ा से डॉ. रेखा दहिया एवं उनकी टीम द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिससे कार्यक्रम को गरिमामय शुरुआत मिली। इसके पश्चात प्रार्थना एवं योगाभ्यास किया गया।

शुक्रवार को यूथ फ़ॉर माए भारत, यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी को ध्यान में रखते हुए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में डिजिटल साक्षरता, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति समझ विकसित करना था। स्वयंसेवकों ने डिजिटल लिटरेसी, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर आकर्षक और संदेश पूर्ण पोस्टर तैयार किए। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. रेखा दहिया, जोगेंद्र सिंह एवं उनकी टीम द्वारा एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में स्वयंसेवकों को हाइजीन (स्वच्छता), व्यक्तिगत साफ-सफाई, रोगों से बचाव एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



बवानीखेड़ा। वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के तृतीय दिवस स्वास्थ्य विभाग की टीम संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कल प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई जाएगी माता सावित्रीबाई की जयंती : भूपसिंह

**भिवानी।** नारी शिक्षा की अलख जगाने वाली देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फूले की 195वीं जयंती भिवानी में प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई जाएगी। सैनी कल्याण परिषद द्वारा 4 जनवरी को सांस्कृतिक सदन में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाज की प्रबुद्ध महिलाएं बेटियों को सशक्त बनाने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के गुर सिखाएंगी। ये बात परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी ने कही। सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माता सावित्रीबाई फूले के जीवन संघर्षों, उनके उच्च आदर्शों और महिला शिक्षा की दिशा में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों से नई पीढ़ी को रूबरू कराना है।

### एग्रीस्टैक आईडी बनाने के साथ-साथ इसके लाभ की भी जानकारी दें: उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने पंचायत एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि एग्रीस्टैक योजना के तहत बनने वाली किसानों की आईडी बहुत ही महत्वपूर्ण है। इससे किसानों को उनके कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और सुगमता के साथ मिलेगा। अधिकारी व कर्मचारी एग्रीस्टैक आईडी बनाने के साथ-साथ किसानों को उसके लाभ की भी जानकारी दें। डीसी श्री गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रदेशभर के साथ-साथ जिला में भी एग्रीस्टेक के नाम से किसानों की यूनिक आईडी बनाने का अभियान शुरू हो चुका है। इसके तहत किसानों का पंजीकरण कर उनको डिजिटल रूप से सशक्त बनाया जा रहा है, जो कि बहुत ही महत्वकांक्षी है।

### परमसंत प्रीतानंद साबेह की जयंती पर हुआ सत्संग और भंडारे का किया आयोजन

**भिवानी।** आनन्द परमानन्द सत्संग आश्रम निगाणा धाम में परमसंत प्रीतानन्द साहेब की 107वीं जयंती पर सतगुरु बाबू साहेब ने सत्संग किया। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया, जिसमें संगत ने प्रसाद ग्रहण किया। सतगुरू बाबू साहेब ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्षमय रहा है, वे एक गरीब परिवार में जन्मे और आजीवन परमात्मा की भक्ति में रहे। उन्होंने सेना में भर्ती होकर देश सेवा की उसके बाद खेती बाड़ी भी की और परम सतगुरु मगनान्द साहेब के चोला छोड़ने के बाद आश्रम में कार्यभार संभाला। सेवादार सुधानंद ने बताया कि शब्द गायक प्रकाश आनंद, राकेश, संतोष, सुनीता व रीना ने अपने शब्दों के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया।

# मायावती के जन्मदिन पर 15 को होने वाले कार्यक्रम के स्थल का किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बहन कुमारी मायावती के 15 जनवरी 2026 को मनाए जाने वाले जन्मदिवस को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के तहत आज प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल कमला भवन के नजदीक, पुराना बस स्टैंड, भिवानी का मुआयना किया गया। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर के साथ प्रदेश सचिव पवन ठाकुर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नेताओं ने कहा कि बहन कुमारी मायावती का जन्मदिवस सामाजिक न्याय, संविधान की मजबूती और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने का दिवस है, जिसे बसपा पूरी गरिमा और सेवा भाव से मनाएगी। मुआयना के दौरान प्रदीप रंगा हालुवास (जिलाध्यक्ष बसपा भिवानी), जोगीराम मेहरा (जिला कोषाध्यक्ष भिवानी), ज्ञान सिंह बगड़ी (जिला प्रभारी भिवानी) तथा कुलदीप सिंह (हल्का महासचिव भिवानी) भी उपस्थित रहे।


भिवानी। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए।

### एनएसएस केवल एक गतिविधि नहीं जीवन निर्माण की सशक्त प्रक्रिया:डॉ. रमेश

**चरखी दादरी।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंदकला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ वीरवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। शिविर के पहले दिन जिला एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. रमेश कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। डॉ. रमेश ने एनएसएस के उद्देश्य और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की एक सशक्त प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक अपने जीवन का लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित कर लें और सेवाभाव को अपनाएं तो वे न केवल समाज के लिए उपयोगी बन सकते हैं, बल्कि अपने व्यक्तिगत जीवन में भी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। प्राचार्य कृष्णदत्त ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ समाजसेवा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवाभाव से जुड़कर विद्यार्थी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपनी शिक्षा को भी निरंतर आगे बढ़ा सकते हैं। कार्यकारी अधिकारी जयप्रकाश यादव ने स्वयंसेवकों को सात दिवसीय शिविर के दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।



### विकास हाई अध्यापक सम्मान समारोह आयोजित

**भिवानी।** विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ (भिवानी) में हर वर्ष की भांति नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में अध्यापक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य हरिराम स्वामी ने रेखा , रितु , मंजू , सीमा , गायत्री , शीला , कौशल्या , रजनी , सोनिया , कविता , ज्योति शर्मा , रजनी बाला , कविता , सीमा सांगवान , तमन्ना , ममता , सुमन , संतोष , रानी, प्रवीण , विकास , विजय , दीपक , हिमांशु , योगेश और हरेंद्र को नए साल की डायरी और पैन देकर सम्मानित किया व सभी टीचर्स को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सभी टीचर्स ने स्कूल मैनेजमेंट और प्रधानाचार्य का इस प्रकार से सम्मानित करने पर धन्यवाद किया।

**समीक्षा** | शिकायत मिलते ही बिजली पोल शिफ्ट करने पर सीएम ने की प्रशंसा

# कब्जा कार्रवाई और क्रीड से संबंधित लंबित समस्याओं का समाधान प्रमुखता से करें: डीसी

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से की समाधान शिविरों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से प्रदेशभर के जिलाधिकारियों के साथ समाधान शिविरों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विशेषकर लंबित व बार-बार री-ओपन होने वाली शिकायतों के बारे में संबंधित अधिकारियों से कारण जाने और उनका जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर जिला के लोहारू उपमंडल के गांव बिसलवास और अहमदवास में बिजली पोल को शिफ्ट करवाने संबंधित समस्या का दूसरे ही दिन समाधान करने पर मुख्यमंत्री श्री सैनी ने डीसी साहिल गुप्ता के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यप्रणाली की सराहना की। समीक्षा बैठक के दौरान डीसी साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें। इसी प्रकार से सीएम विंडो पोर्टल को हर रोज चैक करें तथा शिकायतों को अंडरटेक करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान से संबंधित एटीआर स्वयं साफ-साफ भरें। यदि संभव हो तो उससे संबंधित फोटो साथ लगाएं ताकि समस्या री-ओपन ना हो। विशेषकर री-ओपन और लंबित समस्याओं पर ही चंडीगढ़ मुख्यालय पर समीक्षा होती है।

#### नव वर्ष में नई ऊर्जा के साथ काम करें अधिकारी: डीसी

डीसी ने बैठक के दौरान सभी जिलाधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे नई ऊर्जा के साथ कार्य करें। काम में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें और सावधानी से करें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री श्री सैनी ने वीसी के माध्यम से समाधान शिविरों में लंबित और री-ओपन होने वाली शिकायतों की समीक्षा की। सीएम ने निर्देश दिए कि अधिकारियों को समस्या के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। शिकायत मिलते ही उस पर कार्रवाई करना शुरू करें। अधिकारी शिकायत को एक-दूसरे के पास न भेजकर आपसी तालमेल के साथ काम करें। इससे शिकायतों का जल्द समाधान होगा और नागरिकों की परेशानी दूर होगी।

#### ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, सीईओ जिला परिषद अजय चौपड़ा, डीएमसी गुलजार मलिक, एसडीएम भिवानी महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार, एसडीएम लोहारू मनोज कुमार, डीएसपी अनूप कुमार, वन मंडल अधिकारी डॉ. राजेश वत्स, सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, बिजली निगम एसई विनोद फोगाट, एसई जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सुनील रंगा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमबीर कादयान, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फोगाट, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया और जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### डीसी के आदेश पर पब्लिक हेल्थ ने महम गेट पर करवाया होदी का निर्माण

**भिवानी।** महम गेट पर पाईप लाईन लीकेज ठीक करने के दौरान गड्ढे न भरने का मामला डीसी साहिल गुप्ता के जैसे ही संज्ञान में आया तो डीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से गड्डा दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विभागीय त्वरित कार्रवाई से आसपास क्षेत्र के लोगों ने भी राहत की सांस ली और डीसी श्री गुप्ता का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि तीन रोज पहले जनस्वास्थ्य विभाग को महम गेट पर पानी की लाईन वॉल लीकेज होने की शिकायत मिली थी। सूचना मिलने पर विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और वॉल को तो ठीक किया, लेकिन वहां पर गड्ढे को दुरुस्त नहीं किया गया। इससे आम राहगीर के साथ-साथ वाहन चालकों के लिए समस्या बनी। महम गेट पर गड्ढे होने की समस्या डीसी के संज्ञान में आई। मामला संज्ञान में आने पर डीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को तुरंत मौके पर जाने और गड्ढे को दुरुस्त करने के निर्देश दिए ताकि कोई हादसा ना हो। डीसी के आदेश मिलते ही जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और होदी का पुनर्निर्माण किया। इससे आसपास क्षेत्र के लोगों ने भी राहत की सांस ली और साथ-साथ डीसी का भी आभार जताया।


भिवानी। उपायुक्त के आदेशों के बाद गड्ढे को भरवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### स्वयंसेवकों को एड्स के बारे में जानकारी दी

**बवानीखेड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में चल रहे सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पाँचवें दिन का आयोजन उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके उपरांत एनएसएस गीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. उमेद कुमार भुक्कल उपस्थित रहे। उनका स्वागत राजेन्द्र गौरी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। डॉ. भुक्कल ने स्वयंसेवकों को एचआईवी एडस जागरूकता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता (हाइजीन) विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एंजिला (डेंटल सर्जन) उपस्थित रहीं, जिन्होंने ओरल हाइजीन पर उपयोगी व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि सब-इंस्पेक्टर प्रेम कुमार, एएसआई प्रवीण कुमार तथा हेड कॉन्स्टेबल देवेंद्र उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जरूरतमंद दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को मिलेंगे सहायक उपकरण

**चरखी दादरी।** केंद्र की योजना के तहत दिव्यांगजनों व प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र के तहत वरिष्ठ नागरिको के शारीरिक अंगों की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया जाना है, ताकि जांच के उपरांत जिले के सभी दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए जा सकें। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने योजना को लेकर कहा कि जरूरतमंद दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को हर साल सीएसआर के तहत कृत्रिम अंग प्रदान किए जाते हैं।

### योग युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक

**भिवानी।** प्रतिदिन का योग अभ्यास युवकों को स्वस्थ जीवन का संदेश देता है, नशामुक्ति में योग का अभ्यास सहायक है, उक्त विचार सामाजिक कार्यकर्ता एवं योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने राजकीय वमा विद्यालय झोझूकलां में सात दिवसीय व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण थीम पर आयोजित शिविर के दौरान व्यक्त किये। योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने स्वयंसेवक बच्चों को व्यक्तित्व निर्माण में योग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि योग युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है।

### प्लास्टिक जलाना एक दंडनीय अपराध : शैलेंद्र

**भिवानी।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि प्लास्टिक जलाना एक दंडनीय अपराध है। सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) और प्लास्टिक कैरी बैग पर एक जुलाई 2022 से पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। वहीं दूसरी ओर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार शहर में विभिन्न स्थानों पर प्रचार सामग्री लगाकर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करें और पर्यावरण का संरक्षण करने का आह्वान किया है।

### श्रद्धालुओं को प्रयागराज मेले व अनेक तीर्थस्थलों की करवाई जाएगी यात्रा

**चरखी दादरी।** नगर के श्रद्धालुओं को भव्य माघ प्रयागराज मेले के अवसर पर अनेक तीर्थ स्थलों पर भ्रमण करवाया जाएगा। यात्रा 15 से 20 जनवरी तक बस के माध्यम से करवाई जाएगी। बस तीर्थ यात्रा आयोजक श्रीराम शर्मा, कीर्ती शर्मा, बालमुकंड पांडेय व प्रीति श्योराण आदि ने बताया कि यात्रा नगर से आगामी 15 जनवरी को शाम तीन बजे चरखी दरवाजा हनुमान मंदिर से रवाना होगी, जो श्रद्धालुओं को अयोध्या, चित्रकूट, कांशी, विधांचल व प्रयागराज आदि के दर्शन करवाएंगी।

### रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने बांटे गर्मवस्त्र

**भिवानी।** नववर्ष के उपलक्ष में रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने पालुवास मोड़ पर जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए। प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन योगेश महता ने बताया कि सर्दियों के मौसम में जरूरतमंद साधन विहीन लोगों को ठंड से बचाने के लिए सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए, जिससे कि जरूरतमंदों की मदद हो सके और वे सर्दी के मौसम में अपना जीवनयापन कर सकें। क्लब की ओर से हर वर्ष जनवरी माह में गर्मवस्त्र वितरण किया जाता हैं।

## अनुसूचित जाति के परिवार को घर में घुसकर पीटने का मामला

# एफआईआर होने के 15 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

*76 वर्षीय बीमार वृद्धा की तोड़ दी थी टांग, अब पीड़ित पहुंचे एसपी दरबार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। गिरफ्तारी की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपने जाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

भिवानी में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक अनूसचित जाति वर्ग के परिवार पर जानलेवा हमला करने और अभद्र जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगा है। घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से आक्रोशित विभिन्न अनूसूचित जाति संगठनों ने अब पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया है। शुक्रवार को दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव सिंह पालूवास के नेतृत्व में एक पीड़ित प्रतिनिधिमंडल भिवानी के पुलिस अधीक्षक को शिकायत देने पहुंचे। एसपी को शिकायत सौंपते हुए सुखदेव सिंह पालुवास ने बताया कि 16 दिसंबर की शाम करीब 7:30 बजे विद्या नगर स्थित शिवाजी मार्ग पर सैनिक गली के नजदीक निवासी बिजेंद्र कुमार के परिवार पर धर्मेंद्र पूनिया, उसके बेटे लवन्या और उनके साथ आए 7-10 अन्य लोगों ने अचानक हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमलावर शराब के नशे में थे। उन्होंने बिना किसी उकसावे के बिजेंद्र कुमार, उनके बेटे अमन और उनकी पत्नी ममता के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं हमलावरों ने बिजेंद्र की 76 वर्षीय वृद्ध मां सावित्री देवी को भी नहीं बख्शा, जो पहले से ही हृदय रोग और सांस की बीमारी से पीड़ित हैं। आरोप है कि हमलावरों ने उनके पैर तोड़ दिए और मेंटल हैंड पंच का इस्तेमाल कर परिवार को गंभीर चोटें पहुंचाईं।

**जातिसूचक गालियां देने के आरोप**

एसपी को शिकायत सौंपते हुए सुखदेव सिंह पालुवास ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें सरेआम अश्लील और जातिसूचक गालियां दीं। धर्मेंद्र पूनिया ने पत्थर उठाकर परिवार को आतंकित किया और उनके घर के सामने खड़े होकर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि इस घटना के तुरंत बाद सब्जी मंडी चौकी और औद्योगिक थाना भिवानी में मामला तो दर्ज करवा दिया गया थाप, लेकिन अभी तक दो सप्ताह बाद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। यही नहीं अब बीते 27 दिसंबर को आरोपियों द्वारा सावित्री देवी को समझौता करने की धमकी भी दी गई। जिसके चलते वृद्ध महिला सावित्री देवी को मानसिक तनाव के चलते ब्रेन स्ट्रोक हो गया तथा अब वे शरीर के एक हिस्से से पैरालाईज हो गई है।

**बिना किसी कारण के बनाया निशाना**

सुखदेव सिंह पालुवास और अन्य प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि यह बेहद अफसोसजनक है कि एक अनुसूचित जाति परिवार पर बिना किसी ठोस कारण के हमला करने वालों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया, जो कि सरेआम कानून का उल्लंघन है। उन्होंने एसपी से गुहार लगाई कि एफआईआर में नामजद सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए, पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कर परिवार को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर अनिल कुमार, फूल सिंह इंदौरा, राजेराम, सूबेदार, महाबीर, बिजेंद्र, दयाकिशन भी साथ रहे।

## राज्यपाल से लेकर शिक्षामंत्री तक लगाई गुहार

# शिक्षण संस्थानों में 80% स्टाफ के पद रिक्तः कमल

■ छात्र नेता कमल प्रधान ने सरकार की शिक्षा नीति पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा



कमल सिंह प्रधान।

युवा कल्याण संगठन प्रदेश संरक्षक व छात्र नेता कमल सिंह प्रधान ने कहा कि कालेजों में शिक्षण सत्र आधा बीत चुका हैं, लेकिन दादरी जिले के सभी सरकारी कालेजों में शिक्षण स्टाफ के 80 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं, जो हमारी बहन बेटियों व युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। युवा कल्याण संगठन ने इस मामले में महामहिम राज्यपाल से लेकर शिक्षामंत्री से गुहार लगाई जा चुकी, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके चलते अब जल्द ही केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय को हालात से अवगत करवाकर शिक्षकों की तैनाती की मांग की जाएगी। कमल प्रधान ने कस्बे में छात्राओं के अभिभावकों की समस्यांए सुनते हुए कहा कि कालेज में प्रोफेसरों की कमी से विद्यार्थियों का भविष्य बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। युवा नेता कमल प्रधान ने कहा कि भारत की आजादी का सबसे बड़ा मूलमंत्र गरीब आदमी को मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा व बिजली पानी जैसी मुलभूत सुविधाओं की उपलब्धता थी, लेकिन भाजपा सरकार आज लोकतंत्र के मूल उद्देश्य से भटक गई है और जनसुविधा को कमर्शियल में परिवर्तित कर दिया है। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को बचाने के लिए अब महामहिम राज्यपाल को ही हस्तक्षेप करना चाहिए, वरना गरीब के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। सरकार धीरे धीरे सार्वजनिक संस्थानों का निजीकरण कर रही है। प्रदेश के कई हजार स्कूलों का माड्ल संस्कृति का नाम देकर उनको हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सीबीएसई में दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश के शिक्षा बोर्ड के अस्तित्व को ही खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी अभिभावकों को मौजूदा व भावी पीढी के लिए हमें एकजुटता से सभी जनप्रतिनिधियों पर रेशनेलाईजेशन में पद खत्म करने की नीति का मुखरता से विरोध करना चाहिए। इन ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश के राज्यपाल व केन्द्रिय मानव संसाधन मंत्रालय को पत्र लिखकर समय मांगा है, जिनको सारी स्थिति से अवगत करवाया जाएगा। उनके साथ संगठन के प्रदेश महासचिव दुष्यंत कलकल, प्रदेश प्रवक्ता अनिल शेषमा, जितेन्द्र भोलू, शक्ति पहलवान, सतपाल आर्य व बलजीत जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# 478 आंख व सामान्य रोग के मरीज जांचे

■ छह लोगों ने मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। शिविर में मरीज की आंखों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन द्वारा स्वर्गीय नंबरदार चौधरी प्रहलाद सांगवान, भगवाना राम, रघुबीर सिंह सांगवान की स्मृति में खातीवास, साहुवास, काकडौली हट्टी, भारीवास, फतेहगढ़, बडराई व बीजणा आदि में मेडिकल कैंप व रोजगार मेले लगाए, जिनकी अध्यक्षता बिजेंद्र फौगाट, पंडित शिवकुमार शर्मा, सरपंच राजेश चाहार, सरपंच महीपाल, नीरज सांगवान, सचिन बादल, हरपाल यादव ने की। इनमें बतौर मुख्यतिथि प्रवीन लाकडा, मुन्ना साहुवास, धर्मपाल रावा, देवेंद्र श्योराण सरपंच सचिन चौधरी, चौकीदार सुरेश, रमेश यादव ने शिरकत की। कैंप में पवन धीर अस्पताल, आई क्यू व गीताजंली आदि के चिकित्सकों ने 478 के आंख व सामान्य रोग जांचे, दवा वितरण हुआ। 35 को आंखों के ऑपरेशन के लिए चयनित किया। वहीं छह लोगों ने मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया। रोजगार मेले में पांच युवाओं को कपंनियों ने इंटरव्यू के उपरांत चयनित किया। ग्रामीणों ने संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल बलवान साहू को सम्मानित किया। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य है कि पाश्चातय नववर्ष में सभी को साथ लेकर दादरी को मॉडल जिला बनाने के लिए अधिक से अधिक काम किया जा सके।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सत्यवीर सिंह, रणसिंह, रमेश, मंदीप, रवि, रामबीर, मामन, अरमान, लीलाराम, राजकुमार, तरूण, धर्मबीर सिंह, रणधीर, रौनक, सत्यपाल, कर्मबीर, पवन ओमबीर, जितेंद्र, पुरूषोतम, कन्हैया, श्यामलाल व सुरेश आदि आदि थे।

# एनएसएस शिविर में छात्राओं को किया साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक

■ पीएमश्री कन्या स्कूल में शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



एनएसएस शिविर में उपस्थित अतिथि व छात्राएं।

नववर्ष पर पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनिल गौड़ रहे। विशेष अतिथि कम्प्यूटर विज्ञान की प्रवक्ता किरण सिवाच ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सोशल नेटवर्किंग के द्वारा लोगों के साथ धोखा किया जाता है, इनकी शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। प्राचार्या सुशीला ने स्वयंसेविकाओं को सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया व नववर्ष की बधाई दी। छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण की सफाई कर श्रमदान किया। स्वयंसेविका रिया व पायल ने 'मेरा हरियाणा' लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया तथा मेघा ने एनएसएस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक ताराचंद, भूगोल प्रवक्ता गणेश महता, गणित प्रवक्ता हेमंत कुमार, एनएसएस प्रभारी पुष्पा शर्मा व बनिता मौजूद रही।





बहल। बहल में जागरूकता रैली निकालते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### मंढोली कला में बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**बहल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडोली कला में एनएसएस यूनिट द्वारा सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति पर केंद्रित जागरूकता रैली निकाली गई, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी देना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्हें प्रेरित करना है। जागरूकता रैली में बहल थाना के उप निरीक्षक बलवान जाखड़ व पुलिस कर्मियों ने भी शिरकत किया और छात्रों को सड़क व यातायात नियमों से अवगत किया, एनएसएस प्रभारी राजेश कुमार ने अवगत कराया की सड़क यातायात सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और चोटों को कम करने के उपाय हैं, हम सभी को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए ताकि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके और मानवीय भूलों से होने वाले जोखिम को काम किया जा सके, रैली में अंग्रेजी प्रवक्ता अनिल कुमार और सुख सहायक रमेश भी साथ रहे।

# तोशाम मॉडल संस्कृति स्कूल में स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

■ एनएसएस अधिकारी बोलीं, समाजसेवा ही एक स्वयंसेवक का परमधर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



तोशाम। योगाभ्यास करते स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि*

शुक्रवार को वीर शहीद ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तोशाम में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की गतिविधियां प्रार्थना के साथ शुरू हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने वंदे मातरम तथा एनएसएस लक्ष्य गीत का गायन किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास व नृत्य किया, जिससे उन्हें ठंड में भी गर्मी का एहसास करवाया और बच्चों में स्फूर्ति भर दी। इसके बाद बौद्धिक सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ज्योति रानी ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के गौरवशाली इतिहास और इसकी महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि समाजसेवा ही एक स्वयंसेवक का परमधर्म है। शुक्रवार को गतिविधियों का मुख्य केंद्र रक्तदान जागरूकता रहा। ज्योति रानी ने स्वयंसेवकों को अलग-अलग टुकड़ियों में विभाजित करके श्रमदान करवाया।

# सुधीर जैन को मिला पाठक सर्वे उपहार योजना का इनाम

■ जैन ने हरिभूमि की इस योजना की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। पाठक उपहार योजना के तहत इनाम देकर सम्मानित करते हुए।

सेक्टर-13 निवासी सुधीर जैन को पाठक उपहार योजना का इनाम मिला। सरकूलेशन इंचार्ज संदीप कुमार ने उनके आवास पर पहुंचकर उनको यह पुरस्कार दिया। अचानक संदीप कुमार उनके आवास पर इनाम लेकर पहुंचे तो पाठक सुधीर जैन ने हरिभूमि की इस योजना की सराहना की और कि उक्त योजना का उनको जो सम्मान दिया गया है। वह काबिले तारिफ है। हरिभूमि न्यूज पेपर में बेहतरीन समाचार पत्रों के साथ अन्य सुविधाएं देने में सभी समाचार पत्रों से आगे है। उक्त समाचार पत्र की सुविधाओं की जितनी तारिफ की जाए,उतनी ही कम है।

## छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाते शिविर : प्राचार्य अनूप

# बजीणा स्कूल में साइबर अपराध से बचने के दिए टिप्स

*एनएसएस का उद्देश्य छात्रों को सामुदायिक सेवा से जोड़ना और उनमें सेवा भाव विकसित करना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





भिवानी। एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देते पुलिसकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

गांव बजीण स्थित वीर शहीद शीशपाल पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में जारी शुक्रवार को सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप दूसरे दिन भी जारी रहा। शिविर की शुरूआत पीटी व योगा से हुई। इस दौरान भिवानी साइबर क्राइम थाना से विष्णु सिंह व प्रवीण कुमार ने कैंप में शिरकत की, जिनका स्वागत विद्यालय प्राचार्य अनूप सिंह पुनिया व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुमेर सिंह ने किया।

**युवा सावधान रहें**

शिविर में विष्णु सिंह ने स्वयंसेवकों को साईबर सिक्योरिटी, साईबर क्राईम से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज युवा साइबर क्राइम का शिकार हो रहा है, उससे बचने का एकमात्र रास्ता सावधानी ही है। सभी एनएसएस स्वयंसेवकों ने उनसे साईबर सुरक्षा को लेकर सवाल भी पूछे, जिनका जवाब भी दिया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान ने भी अपने विचार रखे। प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस छात्रों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी पाठ पढ़ाता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य छात्रों को सामुदायिक सेवा से जोडना और उनमें सेवा भाव विकसित करना है।


# बलिदानी राजबीर सिंह को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा



गांव काकड़ौली हट्ठी में शहीद राजबीर सिंह की पुण्यतिथि पर ग्रामीणों ने शहीद स्मारक पर हवन यज्ञ कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर युवाओं ने गांव से सामाजिक कुरीतियां दूर कर विकास भावना से काम करने का फैसला किया। गांव काकड़ौली हट्ठी में नववर्ष पर ग्रामीणों ने शहीद लोकराम व शहीद राजबीर श्योराण के शहीद स्मारक पर हवन यज्ञ में आहुति डालकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। सरपंच इंदराज दिसौदिया व समाजसेवी शक्ति पहलवान ने बताया कि शहीद लोकराम ने मात्र २४ वर्ष व शहीद राजबीर सिंह ने २१ वर्ष की आयु में ही सेना का सर्वोच्च बलिदान देते हुए राष्ट्र की रक्षा करते हुए सीमा पर अपने प्राणों का बलिदान दिया। प्रत्येक ग्रामीण उनके बलिदान को नमन करता है और उनके बताए रास्ते पर चलते हुए देशसेवा का संकल्प लेते हैं।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में सरपंच इंदराज, रामफल श्योराण, हवलदार सतबीर सिंह, मंजीत ठेकेदार, होशियार सिंह, बीडीसी सुरजपाल, पंच प्रकाश सिंह, शक्ति पहलवान, जुगबीर मोटू, महाबीर सिंह, संतराम दिसौदिया, पंच रामौतार, सुदेश श्योराण, देशराम शर्मा, बलिदानी विरांगना मुकेश देवी आदि मौजूद रहे।



गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
सैक्स समस्याएं ऑनलाइन सलाह लें - 9728321662
ताकत का कोर्स लें Rs.750/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिलें (9 am to 7 pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
YouTube/Facebook पर देखें/फॉलो करें-जुनेजा क्लीनिक भिवानी